# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20 अप्रैल 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश की आठ सीटों पर साठ दशमलव दो पांच प्रतिशत हुआ मतदान। सहारनपुर में सर्वाधिक पैंसठ दशमलव नौ पांच प्रतिशत और रामपुर में सबसे कम चौवन दशमलव सात सात प्रतिशत पड़े वोट।
- दूसरे चरण के लिये चुनाव प्रचार हुआ तेज। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरोहा में चुनावी जनसभा को किया सम्बोधित।
- तीसरे चरण के चुनाव के लिये पर्चा दाखिल करने की समय सीमा समाप्त। कुल एक सौ बेयासी प्रत्याशियों ने किया नामांकन।
- आज जारी होंगे यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा के परिणाम।

**********

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में आज उत्तर प्रदेश की आठ संसदीय सीटों पर शांतिपूर्ण माहौल में कल मतदान संपन्न हो गया। इन सीटों पर 60 दशमल 25 प्रतिशत औसत मतदान हुआ। सहारनपुर में सर्वाधिक 65 दशमलव 95 प्रतिशत और रामपुर में सबसे कम 54 दशमलव 77 प्रतिशत वोट पड़ें। कैराना में 61 दशमलव 17 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर में 59 दशमलव 29,बिजनौर में 58 दशमलव 21 प्रतिशत, नगीना में 59 दशमलव 54 प्रतिशत, मुरादाबाद में 60 दशमलव 60 प्रतिशत और पीलीभीत में 61 दशमलव 91 प्रतिशत मतदान हुआ।

कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर प्रदेश के सभी आठ सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान हुआ। मॉक पोल के बाद तय समय पर सुबह सात बजे से सभी बूथों पर मतदान शुरू हो गया जो शाम छह बजे तक चला। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी रणदीप रिणवा ने बताया कि सभी आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों मे मतदान शान्तिपूर्ण रहा। इस दौरान कंट्रोल रूम और इंटरनेट मीडिया से मिलने वाली सभी शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया।

चुनाव वाले जिलों–सहारनपुर, बिजनौर और शामली में शाम को आंधी और बारिश हुई लेकिन उससे मतदान पर कोई खास असर नहीं पड़ा। पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाता वोट डालने के लिये काफी उत्साहित दिखे, वहीं महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों ने भी चुनाव के महापर्व में बढ़–चढ़कर भाग लिया।

पहले चरण की इन सभी आठ संसदीय सीटों के लिये प्रमुख राजनीतिक दलों–भाजपा–रालोद गठबंधन, कांग्रेस–सपा गठबंधन और बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों सहित 80 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं, जिनमें 7 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। कल का मतदान भाजपा के डॉ. संजीव बलियान, डॉ. जितिन प्रसाद, कांग्रेस के इमरान मसूद और सपा की इकरा हसन जैसे कई राजनीतिक दिग्गजों की किस्मत का फैसला करेगा।

इस चरण में मतदान के लिये कुल 7 हजार 693 मतदान केन्द्र और 14 हजार 8 सौ 45 मतदेय स्थल बनाये गये थे। पचास प्रतिशत मतदेय स्थलों पर लाइव वेब कास्टिंग के माध्यम से बूथों की लगातार निगरानी भी की गई। प्रथम चरण के तहत देशभर के 21 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए लगभग 62 दशमलव 37 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**********

लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिये प्रचार अभियान तेज हो गया है। विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता जनसभाएं, रैलियां और जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी क्रम में कल भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमरोहा के गजरौला में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला है। उन्होंने कहा कि अमरोहा जिला वाद्ययंत्र ढोलक के लिये प्रसिद्ध है, वहीं जिले के निवासी और टीम इंडिया के स्टार गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार खेल और खिलाड़ियों के कल्याण के लिये काफी काम कर रही है, साथ ही राज्य में स्टेडियम का निर्माण भी किया जा रहा है। अपने सम्बोधन के दौरान श्री मोदी ने विश्वास जताया कि उत्तर प्रदेश की जनता हमारे पिछले दस साल में किये गये कार्यों के आधार पर इस बार भी जनसेवा के लिये समर्पित एक मजबूत भाजपा–एनडीए सरकार बनाने जा रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के शिकारपुर में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया और दावा किया कि लोकसभा चुनाव में एनडीए सरकार फिर से सत्ता में आ रही है। उन्होंने पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुई उपब्धियों को गिनवाते हुए कहा कि भाजपा सरकार में राष्ट्रहित प्रथम है।

उधर अमेठी से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने रायबरेली के सलोन विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सभी जाति धर्म को सरकार द्वारा सुविधाएं दी जा रही हैं।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गौतमबुद्धनगर लोकसभा सीट से प्रत्याशी महेन्द्र नागर के समर्थन में बुलंदशहर के सिकन्दराबाद विधानसभा में आयोजित चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में आई एन डी आई ए गठबंधन भारी अंतर से जीत दर्ज करेगा। सपा प्रमुख ने भाजपा पर किसान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले दस वर्षों में किसानों और युवाओं का विकास नहीं हुआ। भाजपा की कथनी और करनी में फर्क है।

**********

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने का कल अन्तिम दिन था। इस चरण में दस लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों– सम्भल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सिकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, बरेली और आंवला के लिये कुल एक सौ बेयासी प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अन्तिम दिन पचासी प्रत्याशियों ने पर्चे भरे। आज नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी कल और सात मई को मतदान होगा। अंतिम दिन फिरोजाबाद लोकसभा सीट के लिये भाजपा प्रत्याशी विश्वदीप सिंह ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान भाजपा नेता और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद रहे। श्री पाठक ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि इस बार चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी।

उधर बसपा ने नामांकन के अंतिम दिन फिरोजाबाद सीट पर अपना उम्मीदवार बदल दिया। पूर्व में घोषित सत्येन्द्र जैन सोली के स्थान पर बसपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री चौधरी बशीर ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लिये बिना भेदभाव के काम करने का वादा किया।

**********

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट दो हजार चौबीस का परीक्षा परिणाम आज दोपहर दो बजे यूपी बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज में घोषित किया जायेगा। परीक्षाफल माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट यू पी एम एस पी डॉट ई डी यू डॉट इन तथा एनआईसी की वेबसाइट यूपी रिजल्ट डॉट एनआईसी डॉट इन पर देखा जा सकेगा। बोर्ड परीक्षायें बारह दिनों बाइस फरवरी से नौ मार्च के बीच आयोजित की गयी थी। हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट को मिलाकर कुल पचपन लाख पच्चीस हजार तीन सौ आठ परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें हाईस्कूल में उन्तीस लाख सैंतालीस हजार तीन सौ ग्यारह और इण्टरमीडिएट में पच्चीस लाख सतहत्तर हजार नौ सौ सत्तानबे छात्र–छात्रायें पंजीकृत हैं। कुल तीन लाख चौबीस हजार आठ परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी।

**********

लोकसभा के चौथे चरण के चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। इस चरण में प्रदेश की तेरह सीटों– शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच में आगामी तेरह मई को मतदान होगा। नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन कल इटावा लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेन्द्र दोहरे ने नामांकन किया। उधर, धौरहरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार नरसिंह और पॉलीटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार ने नामांकन किया। प्रदेश की इन 13 संसदीय सीटों के लिये नामांकन पत्र पच्चीस अप्रैल तक दाखिल किये जा सकेंगे।

**********

बहुजन समाज पार्टी ने 11 और लोकसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। इनमें कुछ प्रत्याशी बदले भी गये हैं। वाराणसी लोकसभा सीट पर अब अतहर जमाल लारी के बजाए पार्टी ने सैय्यद नेयाज अली को प्रत्याशित घोषित किया है। इस तरह बसपा ने फिरोजाबाद के प्रत्याशी सतेन्द्र जैन सौली का भी टिकट काटते हुए चौधरी बशीर को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा संतकबीर नगर से मोहम्मद आलम व महाराजगंज से मोहम्मद मौसमे आलम को प्रत्याशी बनाया गया है। बसपा ने पार्टी के एक मात्र विधान परिषद सदस्य भीमराव अम्बेडकर को हरदोई सीट से चुनाव लड़ाने का निर्णय करते हुए उम्मीदवार घोषित किया है। इसी तरह फतेहपुर से डॉक्टर मनीष सिंह सचान, सीतापुर से महेन्द्र सिंह यादव, मिश्रिख से बी.आर. अहिरवार, मछलीशहर से कृपा शंकर सरोज, भदोही से अतहर अंसारी और फूलपुर से जगन्नाथ पाल को उम्मीदवार बनाया है।

**********